श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333





डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 269 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 15 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया


## महिला सफाईकर्मी को सांप ने दो बार डसा

**मंदसौर, 14 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले की सरवानिया महाराज में एक महिला सफाईकर्मी को सांप ने डस लिया। घटना नगर परिषद गेस एजेंसी के समीप हुई। जनकपुर गांव की रहने वाली 35 वर्षीय सीताबाई पति अशोक कुमार सफाई कार्य कर रही थीं। सुबह के समय सफाई करते वक्त सांप ने उनके पैर पर दो जगह डस लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल सीता बाई को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वर्तमान में डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है।

चिकित्सकों के अनुसार सीता बाई की हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन उन्हें निगरानी में रखा गया है। सीता बाई रोजाना अपने गांव जनकपुर से सरवानिया महाराज सफाई कार्य के लिए आती थी। सोमवार सुबह भी प्रतिदिन की तरह सफाई का काम कर रही थी, तभी अचानक गैस एजेंसी के पास झाड़ियों में छिपे सांप ने सीताबाई को डस लिया। सीताबाई की हालात में सुधार नहीं हो रहा है। उन्हे डाक्टरों की निगरानी में रखा हुआ है।

# जांच के नाम पर जेब पर डाका...




### पैथोलॉजी और डॉक्टरों की जुगलबंदी पड़ रही मरीजों पर भारी

### पेथोलॉजी डॉक्टर के पसंद की, चार्ज पेथोलॉजी संचालक की मर्जी का






**मंदसौर, 14 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। शराब को लेकर रेट लिस्ट, एमआरपी से ज्यादा में बिक्री या शराब के अलावा अन्य खाद्य सामग्री को लेकर इस तरह के सवाल विपक्षी दल हो या सोशल मीडिया, लगातार खड़े होते रहते हैं। लेकिन, पेथोलॉजी संेटरों पर मची लूट को लेकर कभी जिम्मेदारों का ध्यान केंद्रीय नहीं हो रहा। किसी भी पेथोलॉजी सेंटर पर किसी भी तरह की जांच का रेट फीक्स नहीं है। इधर डॉक्टरों और पेथोलॉजी सेंटर संचालकों की जुगलबंदी मरीज के परिजनों की जेब पर भारी पड़ रही है। निजी अस्पताल के डॉक्टर ट्रीटमेंट बाद में शुरू करते है। पहले दर्जनों जांचें लिख दी जाती हैं। साथ ही ये भी समझाया जाता है कि किस पैथोलॉजी एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर पर मरीज को जांच कराना है। यदि कहीं दूसरी पैथोलॉजी पर जांच कराई तो रिपोर्ट को ही खारिज कर दिया जाता है। इन पैथोलॉजी में मरीजों से मनमर्जी का शुल्क वसूला जाता है, ऐसे में मरीज इलाज से पहले जांचों में ही बर्बाद हो जाता है।**

#### शासन के भी निर्देश...

शासन के स्पष्ट नियम हैं कि कोई भी डॉक्टर किसी मरीज को जांच किसी निर्धारित लैब पर कराने के लिए मजबूर नहीं कर सकता है। इसके बाद भी सरकारी अस्पताल, निजी अस्पताल और क्लीनिकों पर चेकअप के लिए पहुंचने वाले मरीजों को निर्धारित लैब पर ही जांच कराने के लिए मजबूर किया जाता है। यदि मरीज कहीं दूसरी लैब पर जांच कराकर भी आ जाए तो उसे डॉक्टर मानने से इंकार कर देता है। ऐसे में मरीज की मजबूरी हो जाती है कि उसे डॉक्टर की बताई पैथोलॉजी में ही जांच कराना पड़ती है।

#### क्यों महंगी होती है जांचे...

ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पतालों में जांचों और निजी पैथोलॉजी या सेंटरों में जांच शुल्क में बड़ा अंतर है। सूत्रों के मुताबिक निजी पैथोलॉजी सेंटर संचालक इसलिए शुल्क अधिक वसूलते हैं, क्योंकि इसकी एवज में मोटा कमीशन देना पड़ता है। ये कमीशन भी मरीज से ही वसूल किया जाता है। हालांकि, शहर में कुछ ऐसी पैथोलॉजी या सेन्टर भी हैं, जो इस कमीशन के खेल में शामिल नहीं है। ऐसे में डॉक्टर इन पैथोलॉजी या सेंटरों पर मरीजों को जांच कराने भेजते ही नहीं हैं।

#### पचास परसेंट तक फिक्स होता है कमीशन...

प्राइवेट पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर्स मरीज भेजने वाले डॉक्टर्स को 20 से 50 परसेंट तक का कमीशन देते हैं। इसीलिए 500 रुपए में होने वाली जांच एक हजार रुपए तक पहुंच जाती है। यही हाल अन्य जांचों का भी है। डॉक्टर्स को कमीशन के बदले बाकायदा एक पैकेज भी ऑफर होता है। बीमारी का डर या सरकारी पैथोलॉजी में गुणवत्ता की कमी को लेकर मरीजों को प्राइवेट पैथोलॉजी में जाने को मजबूर किया जाता है। आईएमए भी समय-समय पर ऐसी प्रवृत्ति पर हैरानी जताता रहा है। प्राइवेट में इलाज कराने का सीधा सा मतलब है कि उनकी बताई हुई पैथोलॉजी से ही जांच करानी होगी।

#### बड़ी जांच तो बड़ा कमीशन...

**एमआरआई, सीटी स्कैन के लिए निजी डायग्नोस्टिक सेंटर्स ने कमीशन के बिजनेस को सबसे ज्यादा बढ़ावा दिया। जांच में अधिकतम 500 रुपए लगते हैं। लेकिन, डॉक्टर को 500 से लेकर एक हजार रुपए तक का कमीशन दिया जाता है। जितनी ज्यादा जांचें उतना अधिक कमीशन। फिर चाहे जांच के आधार पर मरीज का इलाज होना हो या न हो। इसके अलावा सामान्य जांच जैसे हीमोग्लोबिन, टीएलसी, डीएलसी, ब्लड शुगर, एसजीपीटी, एसजीओटी, थायरॉयड फंक्शन टेस्ट, एचबीए1सी, प्लेटलेट काउंट में 20 से 40 परसेंट तक का कमीशन होता है।**

#### कमीशन का खेल रोकने को थी व्यवस्था...

सरकार ने सरकारी अस्पतालों में जांच और एक्स-रे की सुविधा फ्री करने का निर्णय इसीलिए लिया था कि गरीब मरीजों और जरूरतमंदों को भटकना न पड़े। जिसके बाद तेजी से सरकारी अस्पतालों में जांच कराने के लिए मरीजों की लाइन लग गई। इसके बाद कुछ डॉक्टर्स ने तो सरकारी जांचों की गुणवत्ता पर ही सवालिया निशान लगा दिया।

#### तो सस्ती हो जाएंगी जांचे...

विशेषज्ञों के अनुसार अगर कमीशन का सिस्टम बंद कर दिया जाए तो मरीजों के लिए जांचे काफी सस्ती हो जाएंगी। सबसे ज्यादा असर रेडियो डायग्नोसिस पर पड़ेगा। एमआरआई, सीटीस्कैन, अल्ट्रासाउंड के रेट्स 50 से 70 परसेंट तक कम हो जाएंगे। जबकि, पैथोलॉजी की जांचें भी 15 से 30 परसेंट तक कम हो जाएंगी। डॉक्टर अक्सर एक पर्टिकुलर पैथोलॉजी सेंटर की पर्ची पर ही जांच लिखते हैं। इसका सीधा सा मतलब है कि उससे उनका कमीशन सेट है। जबकि, डाक्टर को आइडियली अपने प्रिस्क्रिप्शन पैड पर लिखना चाहिए।

## नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी

**मनासा, 14 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम दायमा खेड़ी के पास स्थित नदी में सोमवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना सुबह करीब 09 बजे की बताई जा रही है। जब आसपास के ग्रामीणों ने नदी में एक शव को देखा। मामले की सूचना तुरंत मनासा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शिव रघुवंशी अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से शव को नदी से बाहर निकाला गया। प्रारंभिक जांच में शव कई घंटे पुराना प्रतीत हो रहा है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए मनासा के सरकारी अस्पताल भिजवाया। जहां शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

थाना प्रभारी श्री रघुवंशी ने बताया कि मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। न तो उसके पास कोई दस्तावेज मिला है और न ही आस-पास के ग्रामीणों ने उसे पहचाना। प्रथम दृष्ट्या मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। लेकिन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्टरूप से पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के थानों और क्षेत्र में गुमशुदगी की रिपोर्टों की जानकारी भी ली जा रही है ताकि मृतक की पहचान की जा सके। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति अपने परिजन की गुमशुदगी की जानकारी देना चाहता है, तो मनासा थाने से संपर्क करें।

## टेक्स सलाहकार के घर-ऑफिस में इनकम टैक्स की छापेमारी

### इंदौर से 10 गाड़ियो में आए अधिकारी; कर चोरी की आशंका

**रतलाम, 14 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** इंदौर आयकर विभाग की टीम ने सोमवार सुबह रतलाम में कर सलाहकार व जीएसटी कंसल्टेंट सुरेश गुप्ता एंड कंपनी पर छापेमार कार्रवाई की। एक दर्जन से अधिक अधिकारी सीए सुरेश गुप्ता के बैंक कॉलोनी स्थित घर पर सुबह 7 बजे 8-10 गाड़ियों से पहुंचे। टीम में शामिल अलग-अलग अधिकारी घर से लेकर कंपनी के ऑफिस पर छानबीन कर रहे है। उनके रिकॉर्ड देख रहे है। कार्रवाई के दौरान किसी को भी बाहर आने-जाने पर रोक है। कार्रवाई को लेकर अधिकारी कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं है।

बैंक कॉलोनी स्थित सीए के घर के दरवाजे अंदर से बंद है। बाहर दो सुरक्षाकर्मी बैठे है। लेकिन, कोई भी बात करने के लिए तैयार नहीं है। अधिकारी इंदौर पासिंग प्राइवेट टैक्सियों से पहुंचे है। सीए गुप्ता के घर के अलावा न्यू रोड स्थित सुरेश गुप्ता एंड कंपनी पर अधिकारी रिकॉर्ड जांच रहे है। यहां पर बाहर सुरक्षाकर्मी को तैनात कर कर रखा है।

#### 13 ठिकानो पर मारे छापे...

आयकर विभाग ने सोमवार को प्रदेश के जबलपुर, इंदौर, रीवा और छत्तीसगढ़ के रायपुर में 13 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। बताया गया कि आयकर विभाग की एमपी सीजी की टीम ने यह छापेमारी टीडीएस में फर्जी रिटर्न दिलाने वाले और 20 प्रतिशत तक कमीशन लेने वाले चार्टर्ड एकाउंटेंट और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के ठिकानों पर की है। छापेमारी में करोड़ो रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा होना तय माना जा रहा है। इसी कड़ी में रतलाम में भी जांच की जा रही है।

#### आयकर चोरी में संलिप्तता की आशंका...

यह कार्रवाई उन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और टैक्स रिटर्न फाइल करने वाली फर्मों के खिलाफ की जा रही है, जिन पर आयकर चोरी में संलिप्त होने का शक है। सूत्रों के मुताबिक, ये फर्में और सीए मोटी रकम लेकर फर्जी टीडीएस रिटर्न दाखिल करते थे और इसके बदले 20 प्रतिशत से अधिक कमीशन वसूलते थे। प्रारंभिक जांच के बाद आयकर विभाग ने एक साथ कई ठिकानों पर दबिश दी। प्रदेश के अलग-अलग जिलो में छापे के दौरान अधिकारियों को बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज और रिटर्न से जुड़ी फाइलें मिली हैं, जिनकी जांच जारी है।

## जननी एक्सप्रेस में मिली एमडी, मंदसौर के दो आरोपी गिरफ्तार

**जावरा, 14 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** रिंगनोद थाना पुलिस ने जननी एक्सप्रेस से एमडी ड्रग्स जब्त की है। इस मामले में मंदसौर जिले के दो आरोपियों को पकड़ा गया है। मिली जानकारी के अनुसार रिंगनोद थाना पुलिस ने जननी एक्सप्रेस में तस्करी कर ले जाई जा रही एमडीएमए ड्रग्स जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जो वाहन के चालक बताए जाते हैं। बरामद ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपए आंकी गई है। सूत्रों ने बताया कि बीती रात्रि रिंगनोद पुलिस ने मुखबीर से मिली सूचना पर सीतामऊ की ओर से आ रही जननी एक्सप्रेस को रोककर तलाशी ली। गाड़ी में से 100 ग्राम अवैध एमडीएमए मादक पदार्थ मिला। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियो को अपनी गिरफ्त में ले लिया। आरोपियों के नाम ललित निवासी दलौदा व सुभाष बैरागी निवासी मंदसौर बताए जाते हैं। खबर लिखे जाने तक अधिकारिक रूप से पुलिस ने मामले का खुलासा नहीं किया था।

#### एमडी ड्रग्स के आरोपी को आज करेंगे अदालत में पेश

**मंदसौर, 14 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अफजलपुर थाना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ एमडी के साथ पकडे गये आरोपी भविष्य पिता मनीष राजपूत निवासी सीतामऊको आज मंगलवार को अदालत में पेश किया जायेगा। अफजलपुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक शैलेन्द्रसिंह कनेश ने बताया कि आरोपी भविष्य के साथ एक नाबालिग भी था। जिसे न्यायालय के आदेश से बाल सुधार गृह रतलाम भेजा गया हैं। जबकि, मुख्य आरोपी भविष्य का दो दिन का रिमांड मिला था। जिसे विस्तृत पूछताछ के बाद मंगलवार को अदालत में पेश किया जायेगा। मामले में फरार 03 अन्य आरोपियों को पुलिस तलाश रही हैं।

# श्रावण सोमवार पर शिवमय हुआ शहर



### पशुपतिनाथ मंदिर में उमड़ श्रद्धा का सैलाब

**मंदसौर, 14 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्रावण के पहले सोमवार को समूचा शहर सहित अंचल शिवमय हो गया। शिव मंदिरों में सुबह से ही महादेव के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी। विश्व प्रसिद्ध भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से रात तक बाबा के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ती नजर आई। मंदिर के गर्भ गृह में विराजित विश्वप्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ की नयनाभिराम प्रतिमा को निहारने के लिए दूर-दूर से भक्त पहुंचे। पशुपतिनाथ की अष्ट मुख वाली प्रतिमा को गुलाब, गेंदा और कमल के फूलों से सजाया गया।

श्रावण माह के पहले सोमवार को सुबह से लेकर देर शाम तक लगभग 25 हजार श्रृद्धालुओ ने बाबा पशुपतिनाथ के दर्शन किए। इसके अतिरिक्त शहर सहित अंचल के प्राचीन शिव मंदिरो पर भी दिन भर श्रृद्धालुओ की भीड़ लगी रही।

#### गर्भगृह में श्रद्धालुओं के जाने पर रोक...

सावन के पहले सोमवार भीड़ ज्यादा होने की वजह से श्रद्धालुओं को गर्भ गृह में अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। दर्शनार्थी बाहर से ही कतारबद्ध होकर बाबा के दर्शन कर रहे थे। सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया। मंदिर पुजारी राकेश भट्टने बताया कि सावन के पहले सोमवार को प्रात: काल से ही बड़ी संख्या में भक्त भगवान के दर्शन के लिए आ रहे हैं। भगवान श्री पशुपतिनाथ की प्रतिमा का जलाभिषेक और फिर दुध, दही, घी से विशेष अभिषेक किया गया। भगवान के आठो मुखों का अलग-अलग श्रृंगार किया गया।

### पर्यटन क्षेत्रों पर पुलिस का पहरा...



जिले के भानपुरा क्षेत्र में स्थित रमणीय प्राकृतिक सौंदर्य स्थल छोटा महादेव और बड़ा महादेव के पास विंध्याचल पर्वत श्रृंखला और चट्टानों पर बारिश के समय में जाना खतरनाक हो सकता है। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और युवकों के लिए। यहां रील बनाना जानलेवा साबित हो सकता है।

थाना प्रभारी भानपुरा निरीक्षक रमेश चन्द्र डांगी ने बताया कि प्रशासन ने खतरनाक स्थलों को चिन्हित कर बोर्ड, जाली और बैरिकेडिंग लगाई है। पुलिस जवानों और सादे वस्त्रों में चेकिंग के लिए ड्यूटी लगाई गई है और हमारी टीम ऐसे लोगों पर कार्यवाही भी कर रही है, जो लगातार जारी रहेगी। क्षेत्र के नागरिकों से तहसीलदार भानपुरा विनोद शर्मा ने अपील की है कि इन खतरनाक और ऊंचे स्थलों पर जाने से बचें और यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता दिखे, तो उसे रोकें और तत्काल पुलिस को सूचित करें।

## जमीन विवाद: दो पक्षों में खूनी संघर्ष, एक दर्जन से अधिक लोग घायल

### पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला किया दर्ज



**नीमच/मनासा, 14 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मनासा तहसील के गांव पिपलोन में सोमवार को जमीन विवाद को लेकर मीणा समाज और धनगर समाज के लोगों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हुआ। मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक मारपीट में बदल गई, जिसमें दोनों पक्षों के लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया। प्रारंभिक उपचार के बाद एक दर्जन घायलों को मनासा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से 12 गंभीर रूप से घायलों को बड़े अस्पताल नीमच रेफर किया गया। बड़े अस्पताल से भी 02 घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें उदयपुर रेफर किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था, जो आज हिंसक रूप ले बैठा। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मामले में जांच शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घायलों को चिकित्सालय पहुंचाया गया है पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक दूसरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



### लबालब शिवना

शहर की प्यास बुझाने के प्रमुख स्त्रोत कालाभाटा डेम लबालब हो गया है। यही कारण है कि डेम का एक गेट खोला गया है। जिससे शिवना नदी का जल स्तर बढ़ा है। बता दें कि शिवना के केचमेंट एरिया और उद्गम स्थल क्षेत्र में झमाझम बारिश के चलते नदी में बहाव आया है।

